आकाशवाणी केन्द्र शिमला
11.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में सांसदों के लिए एक सौ 84 नवनिर्मित टाइप–7 बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवासीय परिसर में सिंदूर का एक पौधा भी लगाएंगे और श्रमजीवियों से बातचीत करेंगे तथा उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज शिमला के अटल इंस्टीच्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशियलिटी चमियाणा में रोबोटिक सर्जरी यूनिट का उद्घाटन करेंगे। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डा. सुधीर शर्मा ने बताया कि अस्पताल में आज रोबोटिक सर्जरी का उद्घाटन और ऑपरेशन होंगे। इसमें किडनी ट्यूमर और प्रोस्टेट सर्जरी की जाएगी।

हिमाचल में पहली बार आज से शिमला के अटल इंस्टीच्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशियलिटी चमियाणा में रोबोटिक सर्जरी की शुरूआत होगी। यह पहली बार होगा, जब राज्य के किसी सरकारी अस्पताल में इस आधुनिक तकनीक की मदद से तीन मरीजों के ऑपरेशन किए जाएंगे। इसमें किडनी ट्यूमर और प्रोस्टेट सर्जरी के मरीज शामिल हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डाक्टर कर्नल धनी राम शांडिल, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह उपस्थित रहेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री मंडे मीटिंग भी करेंगे। इस दौरान वे विभागीय अधिकारियों से समीक्षा करने के अलावा मानसून की वर्षा के कारण आपदा परिस्थितियों की जानकारी लेंगे।

कृषि मंत्री– फसल बीमा

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज राजस्थान के झुंझुनू में 30 लाख से अधिक किसानों को 3 हजार 200 करोड़ रुपये से अधिक के फसल बीमा दावों का वितरण करेंगे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि इन दावों का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण – डीबीटी के जरिए किसानों के बैंक खातों में डिजिटल रूप से किया जाएगा। इस कार्यक्रम में झुंझुनू सहित विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में किसान शामिल होंगे, जबकि देशभर के विभिन्न राज्यों के लाखों किसान वर्चुअल माध्यम से समारोह से जुड़ेंगे।

हर घर तिरंगा

भाजपा ने प्रदेश भर में हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया है जिसके तहत 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी के तहत कल प्रदेशभर में भाजपा संगठनात्मक एक सौ 71 मंडलों पर तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में शहीदी समारोह पर स्वच्छता अभियान के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 14 अगस्त को विभाजन भविष्य का समृद्धि दिवस आयोजित होगा जबकि 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी भाजपा पार्टी कार्यालयों व सार्वजनिक स्थानों पर सामूहिक रूप से तिरंगा फहरया जाएगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक–रूककर जारी है। पिछले दिनों हुई व्यापक वर्षा के बाद राज्य के कुछ क्षेत्रों में अभी भी जनजीवन सामान्य नहीं हो पाया है। मौसम विभाग ने आज से 14 अगस्त तक प्रदेश के कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। विभाग ने आज चंबा, कांगड़ा और मंडी जिलों में कुछ भागों पर भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जबकि ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर और सोलन में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..........

अमर उजाला की सुर्खी है चमियाना अस्पताल में प्रदेश की पहली रोबोटिक सर्जरी आज।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है पौंग से छोड़ा पानी बरपाने लगा कहर–कांगड़ा के निचले क्षेत्रों के घरों में घुसा पानी।

आईटीआई में फॉरेन लेंग्वेज कोर्स भी, युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है केंद्र के साथ मिलकर काम करेगी राज्य सरकार।

बीसीएस के गेट से छठी के छात्रों का अपहरण–कोटखाई से तीनों बरामद, आरोपी गिरफ्तार संबंधी खबर भी अखबारों में प्रमुखता लिए हुए है।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है प्रदेश में अगले महीने से शुरू होगा पटवारी भर्ती का प्रोसेस–प्रदेश में भरे जाने हैं पटवारियों के 8 सौ 74 नए पद।

————————